नया संक्रमित नहीं मिला

जयपुर। प्रदेश में बुधवार को किसी भी जिले में कोई भी नया करोना संक्रमित नहीं मिला है। इससे पहले मंगलवार को राज्य में एक रोगी पाया गया था।

अवैध पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन से भ्रूण लिंग परीक्षण करते दो गिरफ्तार

- झुंझुनूं जिले के सिंघाना में राज्य पी.सी.पी.एन.डी.टी. प्रकोष्ठ ने की डिकॉय कार्यवाही
- आरोपी भ्रूण लिंग परीक्षण के करीब आधे दर्जन से अधिक मामलों का आदतन अपराधी है

जयपुर। राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ ने सफल डिकॉय कार्यवाही करते हुए झुंझुनूं जिले के सिंघाना में अवैध रूप से पोर्टेबल मशीन के माध्यम से भ्रूण लिंग परीक्षण करते हुये एक व्यक्ति अवधेश पांडे सहित एक अन्य को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही पोर्टेबल मशीन, बोलेरो गाडी एवं भ्रूण लिंग परीक्षण हेतु ली गयी राशि रुपए 19 हजार जब्त की गयी है। उल्लेखनीय है कि आरोपी अवधेश पांडे भ्रूण लिंग परीक्षण के करीब आधे दर्जन से अधिक मामलों का आदतन अपराधी है। इस डिकॉय कार्यवाही में हरियाणा राज्य की पीसीपीएनडीटी टीम ने भी सहयोग किया है।

अध्यक्ष राज्य समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि राजस्थान के सीमावर्ती राज्य हरियाणा के बार्डर पर भ्रूण लिंग परीक्षण की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। राजस्थान एवं हरियाणा की टीम लगातार संयुक्त रूप से इन मामलों में गंभीरता से निगरानी रख रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूत्रों से पीसीपीएनडीटी टीम को सूचना मिली कि कोई अज्ञात व्यक्ति हरियाणा व राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में भ्रूण लिंग परीक्षण के काम में लिप्त है।

सूचना की पुष्टि के आधार राज्य समुचित प्राधिकारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीसीपीएनडीटी श्री सतवीर सिंह ने राजस्थान पीबीआई थाना से एक डिकॉय दल गठित कर भेजा।

डॉ. सोनी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर कार्यवाही करते हुए व संबंधित दोषियों को पकडने के लिए जिला समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी, झुंझुनूं एवं हरियाणा के रोहतक की टीम ने संयुक्त रूप से इस डिकॉय कार्यवाही को अंजाम दिया। कार्यवाही में भ्रूण लिंग परीक्षण में लिये गये राशि के हू-ब-हू नंबरी नोट भी बरामद किये हैं। सुबह करीब 6 बजे झुंझुनूं के गांव डुमोली खुर्द में खेतों में पोर्टेबल मशीन से यह जांच की गयी। पहले एजेंट द्वारा डिकॉय महिला को विभिन्न प्रकार की जगहों पर ले जाते हुए अंत में डुमोल खुर्द गांव के खेतों में लाया गया। खेतों पर बनी एक दूध की डेयरी के मालिक उदयसिंह पुत्र महावीर ने भ्रूण लिंग परीक्षण हेतु जगह उपलब्ध करवाई। भ्रूण लिंग परीक्षण होने के बाद डिकॉय गर्भवती महिला से इशारा मिलते ही टीम ने अवधेश पांडे एवं डेयरी मालिक उदयसिंह को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन भी जब्त कर ली है। लेकिन एजेंट अपराध में प्रयुक्त बोलेरो गाडी लेकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

जहां जीवन गौण है वहां लेखन भी कमजोर होगा : दुर्गाप्रसाद अग्रवाल

उदयपुर में सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने राजस्थान साहित्य अकादमी और राज राजेश्वरी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सृजन संवाद में भाग लिया।

जयपुर/उदयपुर, (का.सं.)। लेखन जीवन से उपजता है। जहां जीवन गौण है वहां लेखन भी कमजोर होगा। हमारी परंपरा के सभी लेखको का साहित्य इसका प्रमाण है। सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने राजस्थान साहित्य अकादमी और राज राजेश्वरी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सृजन संवाद में कहा कि लेखक जो भी रचता है उसमें आलोचना का महत्वपूर्ण स्थान होता है। डॉ.अग्रवाल ने बताया कि साहित्यकार विभिन्न विधाओं में अभिव्यक्ति भाषा के माध्यम से करता है। उन्होंने रचना प्रक्रिया की बारीकियों पर भी अपने विचार व्यक्त किए। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. मलय पानेरी ने उनसे साहित्य के विभिन्न पहलुओं पर अनेक प्रश्न पूछ कर साहित्य के वर्तमान परिदृश्य, आलोचना की महत्ता, अनुवाद प्रक्रिया और उससे साहित्य पर पडने वाले प्रभाव, पर विशद चर्चा करने के साथ-साथ डॉ.अग्रवाल की सृजन यात्रा को भी उपस्थित समुदाय के सामने लाने का सफल प्रयास किया। डॉ. अग्रवाल कवि, कहानीकार, कथा आलोचक, समीक्षक, अनुवादक, यात्रा वृत्तांतकार और फिर वर्तमान में स्तम्भकार तक की अपनी सृजन यात्रा के मोडों-पडावों का

- अग्रवाल ने रचना प्रक्रिया की बारीकियों पर भी अपने विचार व्यक्त किए

परिचय देते हुए अपनी वर्तमान भूमिका में 'राष्ट्रदूत' की सराहना करते हुए कहा कि इस समाचार पत्र ने उन्हें अभिव्यक्ति की शत-प्रतिशत आजादी दी है, और इसके माध्यम से वे अपने विचार एक बडे समुदाय तक पहुंचा पाने में सफल रहे हैं।

संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता विख्यात भाषा वैज्ञानिक प्रो. कृष्ण कुमार शर्मा ने की। उन्होंने एक विद्यार्थी के रूप में डॉ अग्रवाल का स्मरण करते हुए उनकी साहित्यिक अभिरुचियों की सराहना की और कहा कि उन्हें अपने इस विद्यार्थी की प्रगति पर गर्व है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध आलोचक डॉ.माधव हाडा एवं विशिष्ट अतिथि संगीतकार डॉ. प्रेम भंडारी थे। डॉ. हाडा और डॉ. भण्डारी दोनों ने डॉ. अग्रवाल से अपने आत्मीय सम्बंधों का जिक्र करते हुए उनकी कही बातों से सहमति व्यक्त की। द्वितीय सत्र में श्रोताओं जगवीर सिंह, तरुण दाधीच, प्रो.माधव हाडा, अशोक जैन मंथन, डॉ. मंजू चतुर्वेदी आदि ने विषय से सम्बंधित प्रश्न किए जिनके उत्तर देते हुए डॉ. अग्रवाल ने विषय के अनेक नए आयामों को स्पर्श किया।

संस्था की सदस्य आराध्या चौहान ने बताया कि दो सत्र में आयोजित इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर के गणमान्य साहित्यकार व साहित्य रसिक डॉ.लक्ष्मीनारायण नंदवाना, श्रीनिवास अय्यर, डॉ. इंद्रप्रकाश श्रीमाली, डा.ज्योतिपुंज, हेमेंद्र एवं प्रमिला चंडालिया, रामदयाल मेहरा, राजेश मेहता, रामदयाल मोदी, श्रेणीदान चारण, विजयलक्ष्मी देथा, संतोष दतिया, लव वर्मा ,सूर्य प्रकाश सुहलका, शुभम जैन, मोहन सेतु, दुर्गेश नंदवाना, सागरमल सर्राफ, खुर्शीद शेख, गोविंद ओड, बिलाल पठान, सुनील टांक, अनिता भाणावत, अमृता एवं पूर्णिमा बोकाडिया, कुसुम माथुर,चेतन औदिच्य,मनमोहन मधुकर, किरण आचार्य,बिलाल पठान,रीना मेनारिया, अशोक आचार्य आदि उपस्थित थे।

सिविल लाइंस के मंडल अध्यक्षों का सम्मान

जयपुर, (का.प्र.)। सिविल लाइन से पीसीसी सदस्य एवं पार्षद मनोज मुदगल ने सुभाष नगर स्थित ऑफिस पर सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त 11 मंडल अध्यक्षों का कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन एवं स्वागत किया।

इस अवसर पर उन्होंने सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक भाग संख्या पर बूथ लेवल मैनेजमेंट को मजबूत करने एवं आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जिताने का संकल्प दिलाया। मुदगल ने बताया कि सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के 207 भागों में प्रत्येक बूथ पर दस-दस कार्यकर्ताओं की नियुक्ति एवं मेरा बूथ सबसे मजबूत स्लोगन के साथ काम करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर सिविल लाइंस एवं बनीपार्क ब्लॉक के समस्त मंडल अध्यक्ष-भीमराज प्रजापति, सुरेश गुर्जर, विष्णु बियानी, दिनेश स्वामी, भगवत सिंह राजावत, मुकेश शर्मा, महेंद्र सिंह हाडा, प्रकाश बागड़ा, रमेश सिंह जोधा, दीनू खान एवं गजानंद शर्मा उपस्थित रहे।

यादव समाज उतरा मंत्री गजेंद्र सिंह और विधायक रामलाल के विरोध में

- श्री कृष्ण बोर्ड के गठन के बाद किए गए ट्वीट पर नाराज है यादव समाज

जयपुर, (का.प्र.)। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से श्रीकृष्ण बोर्ड के गठन की घोषणा पर "मजहब के आधार पर, जातियों के आधार पर, अगड़े-पिछड़े में बांटने के बाद, अब कृष्ण भगवान को तो जातियों में मत बांटों।" वाले बयान पर यादव समाज ने गहरी नाराजगी जताते हुए जयपुर में धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। शेखावत के साथ ही इस मामले में विधायक रामलाल शर्मा की टिप्पणी से भी यादव शर्मा ने नाराजगी जताई है।

राजस्थान यादव महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष और राजस्थान ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव ने इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि यादव समाज श्री कृष्ण के वंशज हैं और उन्हें अपना कुलदेवता और इष्ट देव मानते हैं। सरकार ने प्रदेश में कई सामाजिक बोर्ड का गठन कर समाज से संबंधित महान विभूतियों के नाम पर रखा गया।

उन्होंने कहा कि गजेंद्र सिंह शेखावत और रामलाल शर्मा ने जिस तरह से श्री कृष्ण बोर्ड को लेकर अपनी बात रखी, उसके बाद दोनों को माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दोनों ने ऐसा नहीं किया तो समाज इन नेताओं का सार्वजनिक रूप से बहिष्कार करेगा।

यादव ने कहा कि बुधवार को गजेंद्र सिंह और रामलाल शर्मा के बयानों के विरोध में धरना दिया गया है और गजेंद्र सिंह का पुतला फूंका गया। अगर गजेंद्र सिंह माफी नहीं मांगते हैं, तो यादव समाज और ओबीसी विभाग कांग्रेस मिलकर आगे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह के खिलाफ और भी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

दरअसल यादव समाज के लोग 26 जून को मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्री कृष्ण बोर्ड के गठन की घोषणा की। इस घोषणा के बाद गजेंद्र सिंह शेखावत ने लिखा कि अशोक गहलोत अपनी कुटिल राजनीति से कम से कम हमारे भगवानों को तो दूर रखें। इसके आगे उन्होंने लिखा कि इतिहास साक्षी है सनातन संस्कृति और हिंदू एकता को विभाजित करने के लिए, पहले अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की रणनीति अपनाई। ठीक वैसा ही आजादी के बाद सत्ता में रहने के लिए कांग्रेस करती आई है। मजहब और जातियों के आधार पर अगड़े-पिछड़े में बांटने के बाद अब कृष्ण भगवान को तो जातियों में मत बांटिए।

डॉ. पूनिया ने कक्षा-कक्षों का शिलान्यास किया

जयपुर। उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जाहोता में जगदम्बा ज्योति लाइब्रेरी का उद्घाटन किया, इसके बाद शांति शिक्षा निकेतन में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। खोराबीसल राजकीय विद्यालय में कक्षा-कक्षों का शिलान्यास किया।

विविधता को एकात्म कर प्रवास कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं बूथ विस्तारक : चंद्रशेखर

- 'भोपाल के "मेरा बूथ सबसे मजबूत" संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने कार्यकर्ताओं में किया ऊर्जा का संचार'

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष महासम्पर्क अभियान के तहत "मेरा बूथ सबसे मजबूत" संवाद कार्यक्रम के प्रशिक्षित 900 अल्पकालीन बूथ विस्तारकों की बैठक बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई। इस बैठक में जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, गोवा, चंडीगढ़ से आए लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ये सभी कार्यकर्ता अपने आंवटित मंडल में आगामी चार जुलाई तक सात दिवसीय प्रवास पर रहेंगे, जिसमें केन्द्र की मोदी सरकार के ऐतिहासिक विकास कार्यो का प्रचार प्रसार करेंगे।

बैठक के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी राष्ट्रीय महामंत्री एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिहं राठौड़ और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने सभी बूथ विस्तारकों को सात दिवसीय प्रवास के संबंध में निर्देशित किया। बैठक के बाद सभी अल्पकालीन बूथ विस्तारकों को आवंटित मंडल और बूथ स्थल के लिए रवाना किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मंगलवार को भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से देश के दस लाख बूथ विस्तारकों को संबोधित किया। यह देशभर में एक अनूठा प्रयोग है जिसमें एक साथ इतनी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की पूंजी होते हैं। अल्पकालीन बूथ विस्तारक के रूप में कार्यकर्ताओं को जीवन के नए अनुभव प्राप्त होंगे। भाजपा एक ऐसा राजनैतिक दल है जिसमें जम्मू कश्मीर और लद्दाख तक के कार्यकर्ता राजस्थान में प्रवास के लिए आते हैं। भाजपा देश में सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाला विशाल दल है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंघ से भाजपा तक के सफर को एक विचारधारा के विस्तार में रूप में देखा जाता है। पांच पीढ़ियों के इस सफर में प्रवास का सबसे अहम रोल रहा है। भाजपा की कार्यपद्धित और भावना संपूर्ण देशभर में एक समान है। इसलिए कार्यकर्ताओं को अपनी विविधता को एकात्म करके चलना होगा, प्रवास कार्यक्रम के सभी कार्यअनुभव और संस्मरणों को कार्यकर्ता अपनी डायरी में नोट करें।

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड ने अल्पकालीन बूथ विस्तारकों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान बलिदान की धरती है। प्रवास कार्यक्रम के दौरान जब आप राजस्थान में जाएंगे तो आपको बलिदान की गाथाएं सुनने को मिलेंगी। देशभर से आए कार्यकर्ताओं के अनूठे संगम को देखकर उन्होंने कहा कि पूरे भारत की सभ्यता और संस्कृति के मिश्रण का यद दृश्य वाकई अभिभूत करने वाला है।

कार्यक्रम में मंच संचालन प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया ने किया। वहीं इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, सांसद रामचरण बोहरा, घनश्याम तिवाड़ी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

'पेपर लीक से तंग सैंकड़ों छात्रों ने की आत्महत्याएं'

जयपुर। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों के सवालों के जवाब में गहलोत सरकार को सबसे भ्रष्टतम और वादाखिलाफी वाली सरकार कहा। प्रदेश में छात्र-छात्राओं की आत्महत्या के मामले में अरूण सिंह ने कहा कि किसी सरकार में 16 पेपर लीक होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा तंग आकर आत्महत्या कर रहे है। वहीं कांग्रेस ने अपने जनघोषणा पत्र में बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी युवाओं को कौड़ी तक नहीं मिली। प्रदेश में उद्योग-धंधे चौपट हैं, नये उद्योग खुल नहीं रहे कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट है।

अरूण सिंह ने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों का हाल बदहाल है, अस्पताल के नए भवनों में दो दो फीट पानी भरा हुआ है। हत्या और डकैती की घटनाएं बढ़ रही है। गहलोत के बयान जिसमें उन्होने भाजपा की ओर से चुनाव के समय बाहरी लोग लाकर माहौल खराब करने वाले आरोप का जवाब देते हुए अरूण सिंह ने कहा कि भाजपा संगठनात्मक पार्टी है जो कि कार्यकताओं के बूते स्थापित है।

खोया-पाया

मेरे मकान 20/101 मानसरोवर जयपुर का "Possession Handin Over Taking Over Doc" कही खो गया है कृपया मिलने पर सूचित करें- 9829046796

मेरे प्लाट नं. 205, श्री कुशल नगर, सांगानेर जयपुर की इन्दिरा गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा जारी रसीद कहीं खो गई है, मिलने पर सूचित करें अल्का अरोड़ा 9414001201

मेरे भूखण्ड E-35 संख्या गेलेक्सी एन्कलेव का आवंटन पत्र कही खो गया है मिलने पर सूचित करे- मनोज बेनीवाल मो- 9828701000

आवास संख्या 50/105 मानसरोवर जयपुर का नियमितिकरण एवं मूल अदेय प्रमाण पत्र गिर /गुम हो गया मिलने पर सूचित करे। कैलाश चंद मो. 9828500603

NAME CHANGE

I mahammad umar my Son mohammed juber 59, Kaggi mohalla sanganer, jaipur changed name mohammed juber to mohammad Zuber and will be kmaur by the latter name.

I Umer S/o Mohammad Umar, 59 Kagzi Mohalla, Sanganer, Jaipur Changed my Name From Umer to Mohammed Umer and will be Kmourn by the Latter name.

I Sofiya D/o Mohammad Umar, 59 Kagzi Mohalla Sanganer, jaipur have changed my Name From sofiya to sofiya kagzi and will be k momar by the latter name

I have changed my name Pooran Chand to Pooran Chand Sharma for all purpose. R/o C-44-A, Ekta Nagar-C Dhawas Heerapura Jaipur

I Shaurya D/O Mr. Kaushal Rastogi R/O 1-Gha-6, Vigyan Nagar, Kota, Rajasthan have changed my name to Shaurya Rastogi for all future pruposes.

I, Aashmi Jagga D/o Arvind Kumar R/o House No-7,3 E Chhoti, Daal Nagar Second, Ganganagar, Rajasthan-335001, hereby undertake that I, Aashmi Jagga want to change my name to Aayushmaan Jagga and gender as MALE

I have changed my name from vishnu Gupta to vishnu kumar Gupta s/o Brijmohan Gupta for purpose Resi. 3-TA-42, Ratan Duggar Magrg, Janwahar Nagar, Jaipur.

I have changed my name from Jayesh Choudhary to Jayesh Nitharwal for all purpose R/o Nitharwalon Ki Dhani Khatipura Sanganer Jaipur

I, Aashmi Jagga D/o Arvind Kumar R/o House No-7,3 E Chhoti, Daal Nagar Second, Ganganagar, Rajasthan-335001, hereby undertake that I, Aashmi Jagga want to change my name to Aayushmaan Jagga and gender as MALE

मेरे पुत्र निशान्त यादव के स्कूल रिकार्ड में मेरा जितेन्द्र यादव एवं पत्नी का नाम विनेश यादव अंकित है। जो कि गलत है उसको बदलकर मेरा जितेन्द्र कुमार व पत्नी का विनेशके नाम से अंकित करवाना एवं जाना पहचाना जावें। निवासी- 52 सिविल लाइन जयपुर

मैं मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री प्रभु नारायण शर्मा निवासी प्लॉट नंबर 128 गणेश विहार शिवम मार्ग सिरसी रोड जयपुर अपना नाम मनोज कुमार शर्मा से मनोज शर्मा रख रहा हूं भविष्य में मुझे मनोज शर्मा के नाम से जाना जाए।

मैं अनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री ओमप्रकाश गुप्ता मैंने मेरा नाम अनिल गुप्ता से बदलकर अनिल कुमार गुप्ता रख लिया हैं अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पताः 498, निर्माण नगर-एवी, छाबड़ा रेस्टोरेंट के पास, अजमेर रोड, जयपुर

मैं शानू चित्तौड़ा पति श्री हेमन्त कुमार चित्तौड़ा नाम परिवर्तन कर श्रीमती शान्ता चित्तौड़ा रख रही हूँ। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। श्रीमती शान्ता चित्तौड़ा 21-दाता भवन, जोगपाल मण्डी की नाल, उदयपुर

प्रथम पुण्यतिथि

हम सबका प्यारा
शुभम शर्मा
(पुत्र श्री भगवान सहाय शर्मा)
आपकी पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारजन अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है।
श्रद्धावनतः मदन मोहन शर्मा (भाई), हर्षा शर्मा (भतीजी), तेजस शर्मा (भतीजा) एवं समस्त परिवारगण।

तीये की बैठक

हमारी पूजनीया माताजी श्रीमती मंजू देवी का स्वर्गवास दिनांक 27.06.2023 को हो गया। तीये की बैठक 29.06.2023 को सायं 4.00 से 6.00 बजे म.नं. 2858, बगरू वालों का रास्ता, चांदपोल, जयपुर पर रखी गई है। शोकाकुल : हैप्पी, धीरू, प्रशान्त, विजय, रामु, वैभव एवं मावतवाल परिवार। 7691835678, 7610804637

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना दि.28.06.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य दौलत राम छीपा पुत्र स्वर्गीय श्री राम दास छीपा, निवासी-प्लॉट नं. 2, नामदेव कॉलोनी, ट्रान्सफॉर्मर के पास, वायरलेस ऑफिस के पीछे, सांगानेर, जयपुर राजस्थान का पुत्र अजय कुमार छीपा व उसकी पत्नी जतु छीपा मेरे अभिभाष्य के साथ लडाई झगडा व गाली गलोच करते है तथा मेरे अभिभाष्य के कहने में नही है जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र व पुत्र वधु को बेदखल करता है। अब अजय कुमार छीपा व जतु छीपा का मेरे अभिभाष्य की समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध व सरोकार नही रहा है यदि कोई व्यक्ति इससे किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहें।
भवदीय (भलवीर सिंह) एडवोकेट मो. 9351303390

आम सूचना दि. 28.06.2023

हर सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे अभिभाष्य श्री अलीमुद्दीन पुत्र भौरी खांन निवासी मकान नं. 178, सैक्टर 35, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का पुत्र जब्बार खांन पुत्र अलीमुद्दीन जो कि मेरे अभिभाष्य के कहने, सुनने में नही है तथा अपनी मनमर्जी करते है जो दस वर्ष से अलग रहता है ये लोग मेरे अभिभाष्यगण को व अन्य परिवारजनो को हेरान व परेशान एवं प्रताडित कर रहा है मेरे अभिभाष्य इनको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है तथा ये लोग मेरे अभिभाष्य के खिलाफ कोई भी अप्रिय घटना कारित कर सकता है मेरे अभिभाष्य का अब जब्बार खांन से काफी समय से कोई लेना देना नही हैं यदि कोई व्यक्ति, बैंक या संस्था इन दोनो से कोई लेन देन या संव्यवहार करते है तो उसकी जिम्मेदारी मेरे अभिभाष्य व उसके परिवारजनो की नही होगी। सूचित रहे। भवदीय
(एम.एस. राजावत) एडवोकेट, मो. नं. 9549547733

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि जे.डी.ए की विद्याधर नगर योजना सेक्टर नम्बर 2 में प्लाट निम्बर 2/76 का मूल आंवटन पत्र नम्बर एफ-3(2/76/JDA/CRO/ VDN/87 जो कि वसन्त लाल पुत्र श्री तेजुमल के नाम से है, वो खो गया है। जिसकी पुलिस रिपोर्ट LR no. 1850953/2023 दिनांक 27.6.2023 को दर्ज करा दी गयी है उक्त सम्पति के लिये श्री अशोक कुमार टांक पुत्र श्री बनवारी लाल ने SBI में ऋण हेतु आवेदन किया है यदि किसी व्यक्ति /संस्था को कोई एतराज या आपत्ति हो तो आज से 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें। मूल आंवटन पत्र मिलने पर सूचित करे।

OFFICE THE GRAM PANCHAYAT KOTRI SIMARLA PG-SRIMADHOPUR (SIKAR)

No. Eproc/2023-24/15/ Date -23.6.2023

E-TenderNotice No. 01/2023-24

Bids for open tender of procurement of Constrution Material for Work in MGNREGA And Other Scheme in Gram Panchayat KOTRI SIMARLA Panchayat Samiti Srimadhopur (Sikar) are invited from Firms/ Suppliers Registered Under the GST act 2017, 6.00 PM of 03.07.2023 Other Particulars fo the bid may be visited on the procurement Portal http://sppp.raj.nic.in and http:/eproc.rajasthan.gov.in) of the state and at Gram Panchayat KOTRISIMARLA Office in all working days.

UBN :- SMD2324GLRC00064

SARPANCH
GRAM PANCHAYAT KOTRI SIMARLA
PANCHAYAT SAMITI SRIMADHOPUR

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER
GRAM PANCHAYAT KOTRI SIMARLA
PANCHAYAT SAMITI SRIMADHOPUR

2829 24.5.23 Form No. 3
[See Regulation-15 (1) (a)] / 16(3)

DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JAIPUR
First Floor, Sudharma-II, Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road, Jaipur- 302015
Case No.: OA/517/2022
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.
HDFC BANK VS
Exh. No. 8935
M/S AADHYA LAXMI SAREES

To, (1) M/S AADHYA LAXMI SAREES A SOLE PROPRIETORSHIP FIRM THROUGH ITS PROPRIETOR MR RAMAKANT KHANDELWAL S/O MADAN LAL, OFFICE AT UG-22, ELEMENTS MALL, NEAR DCM MARKET AJMER ROAD JAIPUR, RAJASTHAN-302021 **Also At.** PLOT NO A-446, GROUND FLOOR, VIDHYUT NAGAR, G.NO 7, ADARSH PATH AJMER ROAD JAIPUR, RAJASTHAN-302006 **Also At.** 135, BHARGU NAGAR, AJMER ROAD, VAISHALI NAGAR JAIPUR, RAJASTHAN-302021 **Also At.** FLAT NUMBER 302, 92 RAJUL AUGUSTA, NEEL PADAM, SAROVAR MARG, NEMI NAGAR, VAISHALI NAGAR JAIPUR RAJASTHAN -302021

SUMMONS

WHEREAS, **OA/517/2022** was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on **15/05/2023.**
WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue Summons/ notice on the said Application under Section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of Debts of **Rs. 2167628.46** (application along with copies of documents etc. annexed). In accordance with sub-section (4) of Section 19 of the Act, you the defendants are directed as under:- **(i)** to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted; **(ii)** to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application; **(iii)** you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties; **(iv)** you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal; **(v)** you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets. You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before **Registrar** on **18/07/2023** at **10:30 A.M.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date: **24/05/2023.**
Registrar,
Seal **Debts Recovery Tribunal, Jaipur**